आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 19.11.2024

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान कल। 166 पोलिंग पार्टियां आज हुई रवाना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्य स्वास्थ्य विभागों से स्वास्थ्य केंद्रों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने को कहा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा भराड़ीसैंण में बदरीनाथ धाम महापरियोजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।
- नैनीताल जिले में अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब पुल के पास हो रहे भूस्खलन के कारण रात में आवागमन रहेगा बंद।

**उपचुनाव**

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। सुरक्षा के दृष्टिगत विधासभा क्षेत्र को 2 जोन और 27 सेक्टर में बांटा गया है। मतदान को सकुशल कराने के लिए क्षेत्र में सात सौ से अधिक पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा पीएसी व अर्द्धसैनिक बल की चार कंपनियां भी हैं। इस बीच, उपचुनाव के लिए आज 166 पोलिंग पार्टियां रवाना हो रही हैं, जबकि दूरस्थ क्षेत्रों के लिए सात पोलिंग पार्टियां कल ही रवाना कर दी गई थीं।

**समीक्षा निर्देश**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल में आग लगने से हुई मौतों को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य विभागों से स्वास्थ्य केंद्रों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर अग्नि सुरक्षा और तैयारियों में सुधार के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग पर सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया है।

## कार्ययोजना विकसित करने के निर्देश

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों से जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य संबंधी जिला और शहर स्तर की कार्य योजना विकसित करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य सचिवों और सलाहकारों को पत्र लिखकर वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीति बनाने को कहा है। वायु प्रदूषण संबंधी बीमारियों की निगरानी के लिए प्रहरी अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाने को भी कहा गया है।

## जिला विकास प्राधिकरण बैठक

शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ देहरादून में बैठक की। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सभी काम तय समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की अपील भी की। श्री अग्रवाल ने जिला विकास प्राधिकरण के कार्यों को जनता के बीच प्रचारित करने को भी कहा।  इस दौरान शहरी विकास मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास विकास योजना के तहत एक हजार 872 ईडब्ल्यूएस आवासों को 31 मार्च 2025 तक पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित कियझं श्री अग्रवाल ने बताया कि किच्छा में लगभग 9 करोड़ 63 लाख रुपये में बस अड्डे का निर्माण किया जा रहा है, जबकि खटीमा में लगभग 8 करोड़ 27 लाख रुपये में बस अड्डा बनकर लगभग पूरा होने वाला है।

## लोकार्पण

उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति  मनोज कुमार तिवारी ने नई टिहरी में कानूनी सहायता क्लिनिक का उद्‌घाटन और स्थाई लोक अदालत का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने नई टिहरी जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल द्वारा स्थापति किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति कार्यालय में कानूनी सहायता क्लिनिक का उद्‌घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने बाल कल्याण समिति द्वारा किये जा रहे

## एडवेंचर फाउंडेशन कोर्स

उत्तरकाशी जिले के मोरी विकासखंड के खरसाड़ी गांव में दस दिवसीय एडवेंचर फाउंडेशन कोर्स संचालित किया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को साहसिक खेलों से संबंधित गतिविधियों की प्रारंभिक जानकारी देकर उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में मोरी, पुरोला और नौगांव  विकासखंड के 40 नौजवान हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संचार, आपदा प्रबंधन और डिजीटल मार्केटिंग की जानकारी दी जा रही है।

## निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले में विधानसभा भराड़ीसैंण में अधिकारियों से बदरीनाथ धाम महापरियोजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने जिले के अन्य विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। श्री धामी ने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कामों में तेज़ी लाने और गुणवत्ताप का विशेष विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## रात्रि यातायात प्रतिबंधित

नैनीताल जिले में क्वारब–अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 109 पर क्वारब पुल के पास हो रहे भूस्खलन के कारण रात्रि यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने 25 नवम्बर तक रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक राजमार्ग पर हल्के और भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। जिला प्रशासन ने यात्रियों को आवाजाही के लिए वैकल्पिक अल्मोड़ा–विश्वनाथ–शहरफाटक राज्यमार्ग और खैरना–रानीखेत राज्यमार्ग के प्रयोग का सुझाव दिया है।

## शंकराचार्य गद्दी

विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद शीतकाल प्रवास के लिए उद्धवजी और कुबेरजी की डोली पांडुकेश्वर पहुंच गई है। मंदिर में उद्धवजी व कुबेरजी की विधिवत पूजाएं आरंभ हो गई है। आज सुबह पांडुकेश्वर से आदिगुरु जगदगुरु शंकराचार्य की गद्दी पांडुकेश्वर से जोशीमठ नृसिंह मंदिर के लिए रवाना हो गई है। आज शाम शंकराचार्य की गद्दी जोशीमठ मंदिर पहुंचेगी। शंकराचार्य की गद्दी जोशीमठ पहुंचने के साथ ही नृसिंह मंदिर में भगवान बदरीनाथ की विधिवत पूजाएं शुरू हो जाएंगी। ज्योर्तिमठ में भगवान नृसिंह का प्राचीन मंदिर है और यहां शीतकाल में भगवान बदरीनाथ का वास होता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर आगामी 14 दिसंबर को नैनीताल जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुबीर कुमार की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला न्यायाधीश ने लोक अदालत में निस्तारण के लिए नियत मामलों की संख्या, शमन की संभावना वाले मामलों की पहचान और वादकारियों को लोक अदालत के प्रति जागरुक करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना मामले, ट्रैफिक चालान, बैंक लोन रिकवरी, सिविल वाद, चेक बाउंस मामले सहित अन्य शमनीय मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी और अपील स्तर पर नए मामलों का दायरा सीमित होगा।

## शिविर आयोजन

चंपावत कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनरों के लिए कल सुबह ग्यारह बजे से दो बजे तक मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल ने बताया कि शिविर में पेंशनरों को मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र जमा किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शिविर में पेंशन से संबंधित अन्य जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी पेंशनरों से शिविर में प्रतिभाग कर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## कैग नियुक्ति

के. संजय मूर्ति को भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक– कैग नियुक्त किया गया है। श्री मूर्ति फिलहाल में शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव हैं। वे गिरीश चंद्र मुर्मु का स्थान लेंगे।

## दीक्षांत समारोह

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षांत समारोह आज पण्डित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति एनके जोशी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के पारम्परिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक व परास्नातक कक्षाओं के कुल इक्कीस हजार दो सौ तीस विद्यार्थियों को उपाधि

प्रदान की जा रही है। इनमें स्नातक स्तर पर कुल सत्रह हजार आठ सौ सत्ताइस व स्नातकोत्तर स्तर पर तीन हजार चार सौ तीन छात्र–छात्राएं शामिल हैं।

## सम्मान

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के हिंदी विभाग के शोधार्थी अरविंद कुमार को 'विजन फॉर विकसित भारत– 2024' राष्ट्रीय शोधार्थी कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया। इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय की पूर्व प्रति–उपकुलपति प्रोफेसर सुमित्रा कुकरेती ने उन्हें यह सम्मान दिया। जीएसटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में 15 से 17 नवम्बर तक आयोजित संगोष्ठी में देश भर से चुने गए एक हजार दो सौ शोधार्थियों सहित लगभग दो हजार बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया।